राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने 15वीं राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि राजधानी रायपुर के सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में 4 से 6 नवंबर तक 15वीं राज्यस्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग साढ़े तीन सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।
- राज्यस्तरीय प्रतियोगिता इनलाइन तथा क्वाड कैटेगरी में 5 वर्ष से 17 वर्ष से अधिक लड़के एवं लड़कियों के लिये विभिन्न 6 आयु समूहों में रिंग तथा रोड में 120 पदकों के लिये आयोजित की गई।
- यह प्रतियोगिता भारतीय रोलर स्केटिंग खेल महासंघ द्वारा मान्यताप्राप्त है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं में से छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम 11 से 12 दिसंबर, 2022 तक बंगलूरू में आयोजित होने वाली 60वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2022 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी।
- इस वर्ष रोलर स्केटिंग खेलों का प्रचार-प्रसार करने हेतु टेनासिटी और टॉय स्केट्स में कुछ प्रतियोगिताएँ रखी गई थीं, जिससे नए उदीयमान खिलाड़ियों को 75 पदकों का वितरण किया गया। इसके लिये 3 से 5 वर्ष के इनलाइन तथा क्वाड खिलाड़ियों एवं टेनासिटी और टॉय स्केट्स में 4 आयु वर्ग बनाए गए थे।
- स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिये यह गौरव की बात है कि देश के सीबीएसई स्कूलों में केवल कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में 200 मीटर का बैंड ट्रैक स्केटिंग के लिये उपलब्ध है और लगातार 5 वर्षों से सीबीएसई बोर्ड की राष्ट्रीय प्रतियोगिता भी कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के ग्राउंड में आयोजित की जा रही है।
- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्कूलों में स्केटिंग को बढ़ावा देने के लिये इसे विगत वर्ष से स्कूली खेलों में शामिल किया गया है। प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में स्केटिंग का उचित वातावरण बनाने के लिये छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास जारी है, जिसमें- दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर में नए स्केटिंग ग्राउंड का निर्माण प्रस्तावित है।
- शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसी वर्ष स्केटिंग की राष्ट्रीय स्तर की ओपन चैलेंज स्पीड रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है, जिसमें देश के 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।
- डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय खेल की रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर के खिलाड़ी अमितेश मिश्रा को स्केटिंग में देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष का 'गुंडाधूर सम्मान' प्रदान किया गया है। स्केटिंग प्रतियोगिता में एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी लावण्या जिंदल ने इनलाइन स्केटिंग में तीन गोल्ड मेडल जीते।
- इसी प्रकार इंदौर में 7 से 9 अक्टूबर के बीच आयोजित राष्ट्रीय पिकलबॉल प्रतियोगिता के 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में एनएच गोयल स्कूल कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी हेमिका जिंदल ने सिंगल्स और डबल्स दोनों कैटेगरी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-roller-skating-competition